# आकाशवाणी गोरखपुर
# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक–09 अक्टूबर 2023 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- भारतीय वायुसेना के 91वें स्थापना दिवस पर प्रयागराज में आकर्षक परेड के साथ भव्य एयर शो का हुआ आयोजन : मिग–21 और राफेल सहित सौ से अधिक लड़ाकू विमानों ने आसमान में उड़ान भर कर सैन्य शक्ति का किया प्रदर्शन।
- वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने वाराणसी में बीएचयू में आईआईटी द्वारा आयोजित स्टूडेंट काउंसिल कार्यक्रम का किया शुभारम्भ : छात्रों से किया संवाद।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तराखंड दौरे के दौरान बद्रीनाथ और केदारनाथ धाम के किये दर्शन : चमोली जनपद में सीमा पर तैनात जवानों और अधिकारियों से की मुलाकात।

**और**

- लखनऊ में नौ दिवसीय शिल्प समागम मेला हुआ शुरू : मेले में 18 राज्यों के शिल्पकारों के पारम्परिक उत्पादों की लगाई गई है प्रदर्शनी।

**********

भारतीय वायु सेना की 91 वीं वर्षगांठ पर कल प्रयागराज बमरौली वायु सेना केंद्र में शानदार परेड के साथ भव्य एयर–शो का आयोजन किया गया। वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी.आर. चौधरी ने परेड की सलामी ली। इस अवसर पर थल सेना प्रमुख जनरल अनिल चौहान और मध्य हवाई कमान के जनरल ऑफिसर इन कमांड एयर मार्शल आर.जी.के. कपूर भी उपस्थित थे।

वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी.आर. चौधरी ने इस कार्यक्रम में वायुसेना के नए ध्वज का अनावरण किया। वायुसेना के पुराने ध्वज को उतारकर सम्मानपूर्वक वायुसेना प्रमुख को सौंपा गया। अब इस ध्वज को वायुसेना संग्रहालय में प्रदर्शित किया जाएगा। इस अवसर पर वायुसेना प्रमुख ने कहा कि वायुसेना की शक्ति, शांति और युद्ध काल–दोनों में उपयोगी होती है। इसके लिए हमें नई तकनीकों को अपनाते रहना होगा ताकि हम उभरती चुनौतियों का मुकाबला कर सकें। हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट....

***यह पहली वायु सेना दिवस परेड है जिसकी कमान एक महिला अधिकारी ग्रुप कैप्टन सालिजा धामी ने संभाली है व लडाकू इकाई की कमांन संभालने वाली भारतीय वायु सेना की पहली महिला अधिकारी भी हैं। पहली बार परेड में महिला अग्निवीर की टुकडी भी शामिल की गई। साथ ही परेड में पहली बार भारतीय वायु सेना में गरूण कमांडो की उडान भी देखने को मिली। गरूण ने हाल ही में राष्ट्रीय सेवा के 20 वर्ष पूरे किए हैं। परेड में भारतीय वायु सेना की क्षमताओं और राष्ट्र की रक्षा के प्रति उसकी प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया गया। स्काई पैरा जम्पर्स ने बेहतरीन करतब दिखाए और लोगों को रोमांच और जोश से भर दिया। इस कार्यक्रम के बाद दोपहर में संगम क्षेत्र में एयर शो आयोजित किया गया। इसमें राज्य के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी शामिल हुए। हवाई प्रदर्शन में राफेल फाइटर जेट और हेलीकाप्टर सहित सौ से अधिक लड़ाकू और परिवहन विमानों ने भारतीय वायुसेना की शक्ति का प्रदर्शन किया। हवाई प्रदर्शन में मिग–21 को औपचारिक बिदाई दी गई और हाल ही में शामिल किये गये सी 295 परिवहन विभाग ने अपनी शुरूआत की।***

**********

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कल वाराणसी के काशी हिंदू विश्वविद्यालय में आईआईटी द्वारा आयोजित स्टूडेंट काउंसलिंग कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर वित्तमंत्री ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आज की इस प्रतिस्पर्धात्मक युग में बच्चों को अपने भविष्य के साथ–साथ अपने देश के लिए भी कुछ करना है लेकिन इसके लिए उनको तनाव से बचना है क्योंकि आज के इस भौतिक युग में प्रौद्योगिकी के साथ–साथ छात्र तनाव भी ले रहे हैं इस समस्या से निजात पाने की जिम्मेदारी छात्रों की ही है इसलिए वह अपने कार्य और अपनी जिंदगी में एक बेहतर संतुलन बनाकर चलें। उन्होंने कहा कि छात्रों को स्वस्थ प्रतिस्पर्धा करनी चाहिए लेकिन अंधी दौड़ नहीं होनी चाहिए। वित्तमंत्री ने बताया कि भारत सरकार ने इस वर्ष के बजट में 1200 करोड रुपए मानसिक स्वास्थ्य के लिए ही आवंटित किए हैं जिसका लाभ मिल रहा है। इसके अलावा आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत भी मानसिक रोगियों के इलाज की व्यवस्था की गई है। इस मौके पर उन्होंने छात्रों के सवालों का जवाब भी दिया। कार्यक्रम में बीएचयू आईआईटी के निदेशक पीके जैन सहित बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तराखंड के अपने दो दिवसीय दौरे के दौरान बद्रीनाथ धाम और श्री केदारनाथ धाम के दर्शन किये। कल सुबह बाबा श्री केदारनाथ धाम में पूजा–अर्चना के बाद उन्होंने एक प्रेसवार्ता को संबोधित किया।

***श्री बद्रीनाथ धाम और श्री केदारपुरी इन पवित्र तीर्थों का दर्शन करने का सौभाग्य मुझे प्राप्त हुआ। बद्रीनाथ धाम अपने नवनिर्माण की प्रक्रिया के साथ तेजी के साथ आगे बढ़ रहा है और केदारपुरी हमारे द्वादस ज्योर्तिलिंगों में से एक पवित्र ज्योर्तिलिंग पूरा देश और पूरी दुनिया में जहां कहीं भी सनातन धर्मावलंबील रहते हैं वे सभी बड़ी आस्था के साथ बड़ी श्रद्धा के साथ इन पवित्र तीर्थों का दर्शन करने के लिए उतावना रहता है। सन् 2013 में एक त्रास्दी के कारण केदारपुरी एक आपदा के चपेट में लगभग आ चुका था लेकिन स्थानीय लोगों के आत्मविश्वास देश के यसस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय मोदी जी के दृढ़संकल्प और उनकी प्रेरणा और मार्गदर्शन में आज उत्तराखंड के हमारे दोनों ये पवित्र तीर्थधाम एक नयी आभा के साथ नये भारत की एक नयी तस्वीर को प्रस्तुत कर रहे हैं। विरासत के प्रति सम्मान का भाव यही है। इस पवित्र भावना के साथ लाखों की संख्या में श्रद्धालु इन पवित्र तीर्थों में आ रहा है। वह हम सबक लिये एक नयी प्रेरणा भी है और एक नये भविष्य की ओर हम सबका ध्यान आकर्षित भी करती है।***

श्री योगी ने उत्तराखंड के चमोली जनपद में माणा पास स्थित सुरक्षा चौकी पर जवानों और अधिकारियों से से भी मुलाकात की। सीमा क्षेत्र से लौटने के बाद मुख्यमंत्री ने बद्रीनाथ धाम में प्राइवेट हेलीपैड के पास बन रहे यूपी भवन का निरीक्षण किया और वहां निर्माण कार्य में जुटे श्रमिकों का उत्साह वर्धन किया और उनके साथ फोटो खिंचवाई।

**********

लखनऊ के इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में नौ दिवसीय शिल्प समागम मेला शुरू हो गया है। इस मेले में अनुसूचित जातियों, पिछड़े वर्गों और सफाई कर्मियों के परंपरिक उत्पादों और कौशल का संगम देखने को मिलेगा।

इसका उद्घाटन केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉक्टर वीरेन्द्र कुमार ने किया। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सबका साथ सबका विकास के मूल मंत्र पर आधारित इस मेले का उद्देश्य 18 राज्यों के अनुसूचित जाति, पिछड़े वर्ग और सफाई कर्मचारियों के लाभार्थियों को स्टॉल प्रदान कर उनके उत्पादों के प्रदर्शन के साथ–साथ बिक्री के लिये बड़ा मंच प्रदान करना है। मेले में मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि अवनीश अवस्थी, समाज कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव डॉक्टर हरिओम भी मौजूद थे। पन्द्रह अक्टूबर तक चलने वाले इस शिल्प समागम में देश भर के स्वादिष्ट व्यंजनों का स्वाद लिया जा सकता है और प्रतिदिन शाम को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आकर्षण का केन्द्र होगा।

**********

राज्यपाल आनंदी बेन पटेल की अध्यक्षता में कल लखनऊ में उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र प्रयागराज की शासी निकाय की ऑनलाइन बैठक हुई। बैठक में राज्यपाल ने कहा कि उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र से संबंधित सभी राज्यों में विभिन्न राज्यों की कला और संस्कृति के प्रचार–प्रसार के लिए निरंतर कार्यक्रम आयोजित किये जाये, जिससे संबंधित राज्य की कला और संस्कृति का संरक्षण और संवर्धन हो सके। उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विश्वविद्यालयों की भागीदारी को भी सुनिश्चित करने के लिए कहा। श्रीमती पटेल ने कहा कि बड़े शहरों के साथ–साथ छोटे कस्बों और गांवों में भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाये जिससे वहां के लोगों का विविध क्षेत्रों की संस्कृति से जुड़ाव हो सके। उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र प्रयागराज को केन्द्र सरकार से सहायता प्राप्त होती है। इसकी गतिविधियों का दायरा सात राज्यों उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली, उत्तराखंड और बिहार तक फैला है।

**********

राम मंदिर ट्रस्ट की दो दिवसीय बैठक अयोध्या में मणिराम छावनी में शुरू हुई। बैठक में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के अलावा मंदिर निर्माण से जुड़े अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा के पहले मंदिर के गर्भगृह का अक्षत–पूजन किया जायेगा। इस अक्षत को देश के पांच लाख गांवों में वितरित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को अंतिम रूप देने के लिए एक समिति गठित की गई।

**********

चीन में हुये एशियाई खेलों में मेरठ की बेटी पारुल ने अपनी हिम्मत और मेहनत से तीन हजार मीटर दौड़ में सिल्वर और पांच हजार मीटर दौड़ में गोल्ड मेडल जीत कर देश और अपने जिले का नाम रोशन किया है। वहीं एथलीट किरण बालियान ने शाटपुट में महिला वर्ग में देश को पहला पदक दिलाया है।

**********